पुस्तिका क्रमांक (Booklet Sl.No.): ……..

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

प्रवेश परीक्षा : 2019

एम.एड. (M.Ed.)

समय : 3:00 घण्टे **पूर्णांक :** 100

निर्देश (Instruction)

1. सभी प्रश्न (क्र. 01 से 100 तक) हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न-पत्र के साथ अलग से ओ.एम.आर. शीट (OMR Sheet) उपलब्ध करायी जा रही है। इस पर दिये गये निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़कर ही इसे भरें।
3. प्रश्नों के उत्तर विकल्प क, ख, ग एवं घ को क्रमश: A, B, C एवं D समझा जाए एवं तद्नुसार OMR Sheet को भरा जाए। साथ ही प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में भी सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाएं। ओ.एम.आर. शीट के साथ-साथ प्रश्न-पुस्तिका का भी मिलान/मूल्यांकन किया जाएगा।
4. ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्न-पुस्तिका कक्ष-निरीक्षक के पास जमा करने के उपरांत ही कक्ष से बाहर जाएं।

अनुक्रमांक (Roll No.) | | | | | |

अनुक्रमांक (Roll No.) शब्दों में: .....

परीक्षा केंद्र का नाम: .....

परीक्षा तिथि एवं समय: .....

....

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर) **(कक्ष-निरीक्षक के हस्ताक्षर)**

(Candidate's Signature) (Invigilator's Signature)

प्राप्तांक विवरण

प्राप्तांक (Obtained Marks) ……. **(शब्दों में)** .....

.....

(परीक्षक के हस्ताक्षर)

(Examiner's Signature)

प्रश्न 01. दर्शनशास्त्र की कौन-सी शाखा ज्ञान, ज्ञान की संरचना, विधियों तथा वैधता से संबंधित है?

(क) तर्क मीमांसा (ख) सौंदर्य मीमांसा (ग) ज्ञान मीमांसा (घ) तत्व मीमांसा

प्रश्न 02. यथार्थवाद के अनुसार चरम यथार्थ क्या है?

(क) विचार (ख) भावनाएं (ग) सामाजिक संबंध (घ) वस्तुनिष्ठ जगत

प्रश्न 03. 'विद्यालय समाज का लघु रूप है' यह कथन है-

(क) स्किनर का (ख) थार्नडाइक का (ग) हर्बर्ट का (घ) डीवी का

प्रश्न 04. निम्नलिखित में से कौन अस्तित्ववादी चिंतक नहीं है?

(क) कियर्कगार्ड (ख) फ्रेडरिक नीत्शे (ग) बर्ट्रेंड रसैल (घ) ज्यां पॉल सार्त्र

प्रश्न 05. तत्त्व एक मूल शब्द है-

(क) दर्शनशास्त्र का (ख) मनोविज्ञान का (ग) वेदांत का (घ) ज्ञानमीमांसा का

प्रश्न 06. 'हिस्ट्री ऑफ एन्सिएंट संस्कृत लिटरेचर' पुस्तक के लेखक हैं-

(क) कालिदास (ख) मैक्स वेबर (ग) मैक्समूलर (घ) लॉर्ड मेकॉले

प्रश्न 07. केनोपनिषद का संबंध निम्नलिखित में से किस शाखा से है?

(क) ऋग्वेद (ख) सामवेद (ग) यजुर्वेद (घ) अथर्ववेद

प्रश्न 08. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(क) उपनिषद सभी भारतीय दर्शनों के मूल स्रोत हैं। (ख) प्रश्नोपनिषद का संबंध अथर्ववेद से है।

(ग) मूल्यमीमांसा, तत्त्व मीमांसा का एक अंग है। (घ) पतंजलि का योगशास्त्र, गीता के योग से भिन्न है।

प्रश्न 09. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य नहीं है?

(क) बौद्ध दर्शन जैन दर्शन से पुरातन है। (ख) चार्वाक दर्शन एक आस्तिक दर्शन है।

(ग) सूत्तपिटक जैन दर्शन का एक महत्वपूर्ण घटक है। (घ) अष्टांग मार्ग बौद्ध धर्म का आचार मार्ग है।

प्रश्न 10. न्याय शास्त्र के अनुसार इनमें से कौन प्रमाण नहीं है?

(क) प्रत्यक्ष (ख) साधन (ग) अनुमान (घ) उपमान

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य नहीं है?

(क) लाइबनीज़ एक बुद्धिवादी चिंतक हैं। (ख) जॉन लॉक अनुभववादी चिंतक नहीं हैं।

(ग) जॉर्ज बर्कले एक बुद्धिवादी चिंतक हैं। (घ) कांट का आलोचनात्मक विज्ञानवाद से कोई संबंध नहीं है।

प्रश्न 12. आधुनिक पाश्चात्य दर्शन का प्रारंभ माना जाता है-

(क) रेने देकार्ट्स से (ख) हेगल से (ग) प्लेटो से (घ) जॉन लॉक से

प्रश्न 13. 'प्रयोगशाला विद्यालय' किसने स्थापित किया था?

(क) विलियम जेम्स ने (ख) जॉन लॉक ने (ग) जॉन डीवी ने (घ) बर्ट्रेंड रसैल ने

प्रश्न 14. 'यदि विचार कार्य करते हैं, तो वे सत्य हैं' यह कथन संबंधित है-

(क) आदर्शवाद से (ख) प्रकृतिवाद से (ग) यथार्थवाद से (घ) प्रयोजनवाद से

प्रश्न 15. ज्ञान की प्रक्रिया में यथार्थवादियों के अनुसार निम्नलिखित में से क्या मन का पक्ष नहीं है?

(क) जागरूकता (ख) जागरूकता की प्रक्रिया (ग) व्यवहार (घ) चेतना

प्रश्न 16. सही मिलान कीजिए-

I. माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ	अ. रवीन्द्रनाथ टैगोर
II. गीतांजलि	ब. पाओलो फ्रेरे
III. डेमोक्रेसी एंड एजुकेशन	स. महात्मा गांधी
IV. पेडागोजी ऑफ द ऑपरेस्ड	द. जॉन डीवी

	I.	**II.**	**III.**	**IV.**
(क)	द	स	अ	ब
(ख)	स	अ	ब	द

(ग) स अ द ब
(घ) अ स द ब

प्रश्न 17. 'हमारी वास्तविक शिक्षा केवल प्रकृति के सामीप्य में ही संभव है' यह कथन है-
(क) महात्मा गांधी का (ख) रवींद्रनाथ टैगोर का
(ग) स्वामी विवेकानंद का (घ) श्री अरबिंदो घोष का

प्रश्न 18. प्रतीत्यसमुत्पाद के द्वादश अंग में पहले और आखिरी स्थान पर क्रमशः कौन से चक्र हैं?
(क) संस्कार एवं स्पर्श (ख) वेदना एवं तृष्णा
(ग) विज्ञान एवं उपादान (घ) अविद्या एवं जरा मरण

प्रश्न 19. अष्टांग योग में पहले और आठवें स्थान पर क्रमशः कौन से अंग हैं?
(क) यम एवं नियम (ख) नियम एवं आसन (ग) यम एवं समाधि (घ) धारणा एवं ध्यान

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक महात्मा गांधी द्वारा रचित नहीं है?
(क) इंडिया ऑफ माय ड्रीम (ख) टुवर्ड्स न्यू एजुकेशन
(ग) कैरक्टर एंड नेशन बिल्डिंग (घ) इंडिया विंस फ्रीडम

प्रश्न 21. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है?
(क) द रिलीजन ऑफ मैन - रवींद्रनाथ टैगोर
(ख) द स्टोरी ऑफ फिलॉसफी - विल ड्यूरेंट
(ग) एजुकेशन फॉर क्रिटिकल कॉन्शसनेस - मौलाना अबुल कलाम आजाद
(घ) डेमोक्रेसी एंड एजुकेशन - जॉन डीवी

प्रश्न 22. दुर्खीम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा समाजशास्त्र का मुख्य भाग नहीं है?
(क) सामाजिक स्वरूपशास्त्र (ख) सामाजिक नीतिशास्त्र
(ग) सामाजिक शरीरशास्त्र (घ) सामान्य समाजशास्त्र

प्रश्न 23. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्री नहीं है?
(क) कार्ल मैंनहैम (ख) मैक्स वेबर (ग) ऑगस्ट कॉम्टे (घ) ज्याँ पॉल सार्त्र

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(क) समाजशास्त्र समाज का वैज्ञानिक अध्ययन करता है।
(ख) समाजशास्त्र व्यक्ति के विकास में संस्थाओं के स्थान का अध्ययन करता है।
(ग) सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए समाजशास्त्र की आवश्यकता नहीं है।
(घ) मानव संस्कृति को समृद्ध बनाने में समाजशास्त्र का योगदान है।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसको समाजशास्त्र की सर्वमान्य पद्धतियों के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता है?
(क) आगमनात्मक पद्धति (ख) ऐतिहासिक पद्धति
(ग) तुलनात्मक पद्धति (घ) सांख्यिकीय पद्धति

प्रश्न 26. समाजमिति पद्धति का प्रयोग सर्वप्रथम किया था-
(क) मैक्स वेबर ने (ख) जी. एल. मोरिनो ने (ग) ए. एफ. वेल्स ने (घ) इमाइल दुर्खीम ने

प्रश्न 27. 'समाज सामाजिक संबंधों का ताना-बाना है', यह प्रसिद्ध कथन है-
(क) इमाइल दुर्खीम का (ख) मैक्स वेबर का
(ग) आर. एम. मैकाइवर का (घ) अगस्त कॉम्टे का

प्रश्न 28. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(क) समाज में अन्योन्याश्रिता समाहित नहीं है। (ख) समाज में समानता सन्निहित है।
(ग) समाज में विभिन्नता भी होती है। (घ) समाज में असहयोग नहीं होता है।

प्रश्न 29. शिक्षा मनोविज्ञान की दूरवर्ती विधि नहीं है-
(क) प्रेक्षण (ख) प्रायोगिक विधि
(ग) प्रयोग सदृश विधि (घ) अंत: निरीक्षण

प्रश्न 30. पियाजे के अनुसार मूर्त संक्रियात्मक अवस्था किस आयु वर्ग से जुड़ी है?

(क) 2 वर्ष से 7 वर्ष तक (ख) 7 वर्ष से 9 वर्ष तक

(ग) 7 वर्ष से 12 वर्ष तक (घ) 12 वर्ष से 18 वर्ष तक

प्रश्न 31. भाषा विकास की दृष्टि से तत्सम एवं तद्भव शब्दों को सीखने का प्रारंभ होता है-

(क) पूर्व प्राथमिक स्तर की शिक्षा में (ख) प्राथमिक स्तर की शिक्षा में

(ग) माध्यमिक स्तर की शिक्षा में (घ) उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा में

प्रश्न 32. संवेग पर कम नियंत्रण प्रायः किस अवस्था में दिखाई पड़ता है?

(क) शैशवावस्था में (ख) बाल्यावस्था में (ग) किशोरावस्था में (घ) वृद्धावस्था में

प्रश्न 33. सामाजिक पर्यावरण में तब्दीली लाना किस प्रकार के बालकों की शिक्षा के लिए सर्वथा अपेक्षित है?

(क) सर्जनशील बालकों के लिए (ख) प्रतिभाशाली बालकों के लिए

(ग) पिछड़े बालकों के लिए (घ) अपचारी बालकों के लिए

प्रश्न 34. 'प्रतिभाशाली' तथा 'सर्जनशील' बालकों में विभेद किया जाता है, उनकी-

(क) रचनात्मक क्षमता की दृष्टि से (ख) बौद्धिक क्षमता की दृष्टि से

(ग) सामाजिक समंजनशीलता की दृष्टि से (घ) व्यक्तिगत समंजनशीलता की दृष्टि से

प्रश्न 35. गिलफोर्ड की बुद्धि संरचना के प्रतिमान में संक्रियाओं के अंतर्गत शामिल नहीं किया जाता है-

(क) संज्ञान को (ख) अपसारी उत्पाद को (ग) मूल्यांकन को (घ) रूपांतरण को

प्रश्न 36. निम्नलिखित में से कौन-सी योग्यता गार्डनर की बहुबुद्धि सिद्धांत के अंतर्गत नहीं आती है?

(क) तार्किक गणितीय योग्यता (ख) प्रतीकात्मक योग्यता

(ग) वाचिक भाषाई योग्यता (घ) संगीतात्मक योग्यता

प्रश्न 37. मनोविश्लेषणवादी धारणा के अंतर्गत व्यक्ति के जीवन की किस अवस्था को व्यक्तित्व के विकास हेतु क्रांतिक महत्त्व का माना जाता है?

(क) 1 से 5 वर्ष की अवस्था (ख) 6 से 12 वर्ष की अवस्था

(ग) 15 से 20 वर्ष की अवस्था (घ) 20 से 25 वर्ष की अवस्था

प्रश्न 38. 'जीवन-शैली' की धारणा को विकसित करने का श्रेय दिया जाता है-

(क) जुंग को (ख) फ्राइड को (ग) एडलर को (घ) ऑलपोर्ट को

प्रश्न 39. छात्र को अभिप्रेरित करने के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक नहीं है?

(क) बहुतायत पुनर्बलन का उपयोग (ख) छात्र के व्यक्तित्व संबंधी गुणों का ज्ञान

(ग) छात्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि (घ) छात्र की अधिगम शैली

प्रश्न 40. शिक्षण की परिभाषा में क्या आवश्यक नहीं है?

(क) अधिगम लक्ष्यों का उल्लेख (ख) अधिगमकर्ताओं का उल्लेख

(ग) शिक्षक की व्यक्तिगत धारणा का उल्लेख (घ) अधिगम संक्रियाओं का उल्लेख

प्रश्न 41. एक शिक्षक अपने विषय के प्रस्तुतीकरण के समय छात्रों को अभ्यास के लिए पर्याप्त अवसर देता है और उन्हें विषय की मुख्य बातों से भली-भांति अवगत करा देता है। इसे शिक्षण के किस प्रकार के अंतर्गत रखा जा सकता है?

(क) अनुबंधन (ख) प्रशिक्षण (ग) अनुदेशन (घ) मतारोपण

प्रश्न 42. शिक्षण की प्रक्रिया में 'संज्ञानपरक संरचना' के निर्माण पर अधोलिखित में कौन-सा मनोवैज्ञानिक बल देगा?

(क) आई. पी. पैवलव (ख) थॉर्नडाइक (ग) टोलमैन (घ) स्किनर

प्रश्न 43. गैने के श्रेणी अधिगम में उच्चतम स्तर पर आने वाला पद है-

(क) संकेत अधिगम (ख) बहुविभेदक अधिगम

(ग) नियम अधिगम (घ) समस्या समाधान अधिगम

प्रश्न 44. निम्नलिखित में से कौन-सा एक घटक ब्रूनर के अनुसार समस्या समाधान की परिस्थिति का घटक नहीं है-

(क) सक्रियण (ख) अनुवर्तण (ग) अनुरक्षण (घ) दिग्दर्शन

प्रश्न 45. प्रसिद्ध पुस्तक 'फ्रीडम टू लर्न' के लेखक हैं-

(क) थॉर्नडाइक (ख) टॉलमैन (ग) रॉबर्ट गैने (घ) कार्ल रोजर्स

प्रश्न 46. क्षेत्र सिद्धांत के अनुसार अंतर्दृष्टि पद का अर्थ है-

(क) व्यक्ति की जीवन-प्रत्याशा में निहित अभिप्रेरणा

(ख) व्यक्ति की जीवन-प्रत्याशा की संज्ञानात्मक संरचना

(ग) व्यक्ति की जीवन-प्रत्याशा में निहित कर्षण शक्ति

(घ) व्यक्ति की जीवन-प्रत्याशा में अंतर्द्वंद

प्रश्न 47. 'आदत बल' निर्भर करता है-

(क) अंतर्नोद उद्दीपक पर (ख) उत्तेजनात्मक विभव पर

(ग) उद्दीपन अनुक्रिया संबंधों पर (घ) पुरस्कार पर

प्रश्न 48. हल्ल के अधिगम सिद्धांत के विश्लेषण में प्रथम अवस्था के अंतर्गत शामिल है-

(क) अनाश्रित चर (ख) आश्रित चर (ग) मध्यवर्ती चर (घ) आश्रित एवं मध्यवर्ती चर

प्रश्न 49. समाज अधिगम मनोवैज्ञानिकों ने स्व-नियामक प्रक्रियाओं की संरचना को एक तीन चक्रीय अवस्थाओं के रूप में स्पष्ट किया है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उन अवस्थाओं से संबंधित नहीं है?

(क) पुनर्बलन की अवस्था (ख) पूर्व विचार की अवस्था

(ग) निष्पादन की अवस्था (घ) स्व-विमर्श की अवस्था

प्रश्न 50. डेविड आसुबेल का अधिगम सिद्धांत है-

(क) संख्यात्मक सिद्धांत (ख) संप्रत्यात्मक सिद्धांत

(ग) सार्थक वाचिक अधिगम सिद्धांत (घ) समस्या समाधान अधिगम सिद्धांत

प्रश्न 51. निम्नलिखित का सही जोड़ा बनाइए-

अधिगम धारणा	**समर्थक**
(अ) उद्दीपन अनुक्रिया संबंधों की संरचना	(1) टॉलमैन
(ब) संकेत अधिगम	(2) थार्नडाइक
(स) क्षेत्र सिद्धांत	(3) कोहलर
(द) अंतर्दृष्टि अधिगम	(4) कुर्ट लेविन

	अ	**ब**	**स**	**द**
(क)	2	4	3	1
(ख)	1	3	2	4
(ग)	2	1	4	3
(घ)	1	2	3	4

प्रश्न 52. निम्नलिखित में से कौन-सा पद प्रणाली उपागम से संबंधित नहीं है?

(क) वातावरण (ख) प्रतिपुष्टि (ग) प्रक्रिया (घ) समालोचना

प्रश्न 53. एन.एम.ई.आई.सी.टी. का तात्पर्य है-

(क) नेशनल मैनेजमेंट ऑफ एजुकेशन थ्रू इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

(ख) न्यू मैनेजमेंट ऑफ एजुकेशन थ्रू इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

(ग) नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

(घ) नेशनल मोबाइल एजुकेशन थ्रू इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

प्रश्न 54. साक्षात (SAKSHAT) है-

(क) एमएचआरडी द्वारा दिया गया एक वन स्टॉप एजुकेशन पोर्टल

(ख) एमएचआरडी द्वारा विकसित एक रोबोट

(ग) साक्षात्कार का नया संक्षिप्त रूप

(घ) एक प्रसिद्ध पुस्तक

प्रश्न 55. सी.ए.बी.ई (CABE) है-

(क) सेंट्रल एजेंसी फॉर बोर्ड इन एजुकेशन (ख) सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन

(ग) सेंट्रल एजेंसी फॉर बिजनेस एजुकेशन (घ) सेंट्रल एडवाइजरी ऑफ बिहार एजुकेशन

प्रश्न 56. 'शिक्षा बिना बोझ के 1993' प्रतिवेदन था-

(क) प्रोफेसर यशपाल का (ख) प्रोफेसर कृष्ण कुमार का

(ग) प्रोफेसर डी एस कोठारी का (घ) प्रोफेसर एम रामाकृष्णन का

प्रश्न 57. 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005' के लिए संदर्भ प्रतिवेदन था-

(क) लर्निंग: द ट्रेजर विद इन (ख) लर्निंग विदआउट बर्डन

(ग) ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट (घ) नेशनल नॉलेज कमीशन

प्रश्न 58. भावात्मक क्षेत्र के उद्देश्यों के वर्गीकरण हेतु उच्चतम स्तर पर आने वाला वर्ग है-

(क) मूल्यांकन (ख) चारित्रिकरण (ग) संश्लेषण (घ) संगठन

प्रश्न 59. 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005' की शुरुआत किस प्रसिद्ध भारतीय चिंतक के एक प्रसिद्ध निबंध के उद्धरण से होती है?

(क) स्वामी विवेकानंद (ख) श्री अरबिंदो घोष

(ग) गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर (घ) महात्मा गांधी

प्रश्न 60. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 ने पाठ्यचर्या निर्माण के 5 निर्देशक सिद्धांतों का प्रस्ताव रखा था. निम्नलिखित में से कौन सा प्रस्ताव, मूल प्रस्ताव का हिस्सा नहीं है?

(क) ज्ञान को स्कूल के बाहर के जीवन से जोड़ना

(ख) पढ़ाई रटंत प्रणाली से मुक्त हो यह सुनिश्चित करना

(ग) परीक्षा को अपेक्षाकृत अधिक लचीला बनाना और कक्षा की गतिविधियों से जोड़ना

(घ) मूल्यांकन को अधिक लचीला बनाना तथा यथासंभव अंक प्रदान करना

प्रश्न 61. सीखना, ज्ञान के निर्माण की एक प्रक्रिया है-

(क) व्यवहारात्मक परिप्रेक्ष्य में (ख) रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में

(ग) सामाजिक परिप्रेक्ष्य में (घ) पारिवारिक परिप्रेक्ष्य में

प्रश्न 62. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सूक्ष्म शिक्षण का एक कौशल नहीं है-

(क) छात्रों की सहभागिता बढ़ाना (ख) उद्दीपन परिवर्तन

(ग) प्रतिपुष्टि प्राप्त करना (घ) पाठ समापन करना

प्रश्न 63. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प खोजपूर्ण प्रश्न कौशल का एक घटक नहीं है?

(क) नवीनीकरण (ख) अनुबोधन (ग) पुनर्केन्द्रण (घ) पुनर्निर्देशन

प्रश्न 64. पाठ्यपुस्तकों की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(क) पाठ्यचर्या की संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यपुस्तक के उद्देश्य एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर संगठित की जाती है।

(ख) पाठ्य पुस्तकों में छात्र क्रमबद्ध रूप में ज्ञान अर्जित करता है।

(ग) पाठ्य पुस्तकों द्वारा छात्रों में अंतः प्रेरणा का विकास असंभव है।

(घ) पाठ्य पुस्तक छात्रों के प्रवेश व्यवहारों के अनुसार तैयार की जाती है।

प्रश्न 65. निम्नलिखित में से कौन-सी विधि का उपयोग सृजनात्मकता के विकास के लिए किया जाता है?

(क) अभिक्रमित अधिगम (ख) मस्तिष्क उत्प्लवन (ग) केस अध्ययन (घ) पारंगतता अध्ययन

प्रश्न 66. 'हिमभंजक' किस विधि का एक महत्वपूर्ण घटक है?

(क) पारंगतता अध्ययन (ख) अभिक्रमित अधिगम (ग) मस्तिष्क उत्प्लवन (घ) केस अध्ययन

प्रश्न 67. वैदिक काल में शिक्षा का प्रारंभ किस संस्कार से होता था?

(क) प्रवज्जा संस्कार (ख) उपनयन संस्कार

(ग) उपसंपदा संस्कार (घ) बिस्मिल्लाह संस्कार

प्रश्न 68. प्राचीन भारत में शिक्षा का सबसे प्राचीन केंद्र था-

(क) तक्षशिला (ख) नालंदा (ग) विक्रमशिला (घ) वल्लभी

प्रश्न 69. भारत में आधुनिक शिक्षा के जन्मदाता के रूप में किसका नाम लिया जाता है?

(क) लॉर्ड मिंटो (ख) गिल क्राइस्ट (ग) वॉरेन हेस्टिंग्स (घ) चार्ल्स ग्रांट

प्रश्न 70. स्वतंत्र भारत का प्रथम शिक्षा आयोग था-

(क) राधाकृष्णन आयोग (ख) मुदालियर आयोग

(ग) कोठारी आयोग (घ) आचार्य नरेंद्र देव आयोग

प्रश्न 71. संविधान में अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए प्रावधान है-

(क) अनुच्छेद 29 में (ख) अनुच्छेद 30 में

(ग) अनुच्छेद 28 में (घ) अनुच्छेद 21 में

प्रश्न 72. शिक्षा को समवर्ती सूची में लाया गया था-

(क) 32 वें संविधान संशोधन द्वारा (ख) 35 वें संविधान संशोधन द्वारा

(ग) 42 वें संविधान संशोधन द्वारा (घ) 45 वें संविधान संशोधन द्वारा

प्रश्न 73. आजाद भारत की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति थी-

(क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1948 (ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1966

(ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 (घ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986

प्रश्न 74. 'सामान्य स्कूल प्रणाली' यह महत्वपूर्ण अनुशंसा थी-

(क) राधाकृष्णन आयोग की (ख) कोठारी आयोग की

(ग) यशपाल प्रतिवेदन की (घ) बिरला अंबानी प्रतिवेदन की

प्रश्न 75. शैक्षिक प्रशासन संबंधित है-

(क) निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण से (ख) सामाजिक अध्ययन से

(ग) प्रधानाचार्य के दायित्वों से (घ) विद्यालय प्रबंध से

प्रश्न 76. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अवधि की दृष्टि से शैक्षिक नियोजन का एक प्रकार है-

(क) मानसिक नियोजन (ख) संरचनात्मक नियोजन

(ग) अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक नियोजन (घ) तात्कालिक नियोजन

प्रश्न 77. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शैक्षिक तकनीकी का एक रूप नहीं है?

(क) प्रबंधन तकनीकी (ख) अनुदेशन तकनीकी

(ग) शिक्षण तकनीकी (घ) व्यवहार तकनीकी

प्रश्न 78. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शिक्षण की सामान्य प्रविधियों के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता?

(क) व्याख्या (ख) पुनर्बलन (ग) विवरण (घ) कहानी कथन

प्रश्न 79. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण सूत्र उपयुक्त नहीं है?

(क) ज्ञात से अज्ञात की ओर (ख) मूर्त से अमूर्त की ओर

(ग) संश्लेषण से विश्लेषण की ओर (घ) विशिष्ट से सामान्य की ओर

प्रश्न 80. ब्लूम के शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण में ज्ञानात्मक पक्ष का उच्चतम स्तर है-

(क) आत्मावलोकन (ख) आत्मानुभूतिकरण (ग) आत्म विश्लेषण (घ) मूल्यांकन

प्रश्न 81. 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाया जाता है-

(क) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में (ख) मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में

(ग) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में (घ) डॉ. जाकिर हुसैन की स्मृति में

प्रश्न 82. 86वां संविधान संशोधन भारतीय संविधान में अनुच्छेद 21-ए जोड़ता है। यह अनुच्छेद हिस्सा है-

(क) मानव अधिकार का (ख) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का

(ग) जीवन के अधिकार का (घ) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का

प्रश्न 83. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी का कार्य नहीं है?

(क) सूचनाओं का संग्रहण (ख) सूचनाओं का संप्रेषण

(ग) सूचनाओं का प्रसंस्करण (घ) सूचनाओं का उत्पादन

प्रश्न 84. संगणक कोई भी कार्य निष्पादित नहीं कर सकता है-

(क) चिप के बिना (ख) स्मृति के बिना

(ग) प्रोग्रामिंग के बिना (घ) प्रदा उपकरणों के बिना

प्रश्न 85. एच.टी.एम.एल यह संक्षिप्त नाम दिया गया है-

(क) ई-मेल की सहजता हेतु हॉटमेल को (ख) वेब पेज की तैयारी हेतु एक संगणक भाषा को

(ग) मॉडेम के चालन को (घ) संगणक की उच्चतम जरूरतों को

प्रश्न 86. बिट्स एवं बाइट्स में क्या मापा जाता है?

(क) संगणक की स्मृति को (ख) संगणक की स्पीड को

(ग) संगणक की संग्रह क्षमता को (घ) संगणक की पृष्ठभूमि को

प्रश्न 87. एम.एस. वर्ड एक उदाहरण है-

(क) अनुप्रयुक्त मृदु उपागम का (ख) प्रणाली मृदु उपागम का

(ग) संचालन प्रणाली का (घ) अनुवाद प्रोग्रामिंग का

प्रश्न 88. कंप्यूटर की सहायता द्वारा अनुदेशन सामान्यत: मददगार होता है-

(क) ज्ञानात्मक उद्देश्य में (ख) भावात्मक उद्देश्य में

(ग) मनोगत्यात्मक उद्देश्य में (घ) ज्ञानात्मक तथा भावात्मक दोनों प्रकार के उद्देश्यों में

प्रश्न 89. डेलर कमीशन के प्रसिद्ध प्रतिवेदन 'लर्निंग: द ट्रेजर विद इन' के अनुसार कौन-सा विकल्प गलत स्तंभ को दर्शाता है?

(क) लर्निंग टू वर्क (ख) लर्निंग टू डू

(ग) लर्निंग टू बी (घ) लर्निंग टू लिव टुगेदर

प्रश्न 90. एक प्राचार्य ऐसा दिन जानना चाहता है, जिस दिन सर्वाधिक छात्र अनुपस्थिति रहे हों। इस हेतु वह प्रयोग करेगा-

(क) माध्य का (ख) माध्यिका का (ग) बहुलक का (घ) प्रमाप विचलन का

प्रश्न 91. वैज्ञानिक चिंतन में प्रमुख है-

(क) क्षेत्र (ख) परिकल्पना (ग) समस्या (घ) प्रविधि

प्रश्न 92. परीक्षण की विश्वसनीयता एवं वैधता से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?

(क) एक परीक्षण वैध नहीं हो सकता यदि वह वस्तुनिष्ठ ना हो।

(ख) एक परीक्षण वैध नहीं हो सकता यदि वह विश्वसनीय ना हो।

(ग) एक परीक्षण विश्वसनीय नहीं हो सकता जब तक कि वह वैध ना हो।

(घ) एक परीक्षण प्रमाणीकृत नहीं हो सकता यदि वह विश्वसनीय ना हो।

प्रश्न 93. एन.सी.ई.एफ.टी.ई- 2009 तैयार किया था-

(क) एनसीईआरटी ने (ख) नीपा ने (ग) एनसीटीई ने (घ) एमएचआरडी ने

(प्रश्न 94 - 98 तक) दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों का यथोचित उत्तर दीजिए-

पर्यावरण के प्रति गहरी संवेदनशीलता प्राचीन काल से ही मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है - भूमि माता है, हम पृथ्वी की संतान हैं। एक स्थान पर यह भी लिखा है कि हे पवित्र करने वाली भूमि, हम कोई ऐसा काम ना करें, जिससे तेरे हृदय को आघात पहुंचे। हृदय को आघात पहुंचाने का यहाँ अर्थ है- पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ क्रूर छेड़छाड़। हमें प्राकृतिक संसाधनों के अप्राकृतिक और असीमित दोहन से बचना होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व के तमाम राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के गंभीर खतरे को लेकर आपसी मतभेद भुला दें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएँ ताकि समय रहते सर्वनाश से उबरा जा सके। विश्व विनाश से निपटने के लिए सामूहिक एवं व्यक्तिगत प्रयासों की जरूरत है। इस दिशा में आंदोलन हो रहे हैं। अरण्य-रोदन के बदले अरण्य-संरक्षण की बात हो रही है, सचमुच हमें आत्मरक्षा के लिए पृथ्वी की रक्षा करनी होगी। भूमि माता है और हम उसकी संतान इस कथन को चरितार्थ करना होगा।

प्रश्न 94. 'हम पृथ्वी की संतान हैं'- 'हम' से तात्पर्य है-

(क) व्यक्ति विशेष से (ख) भारतवासी से

(ग) समूह विशेष से (घ) संसार के सभी लोगों से

प्रश्न 95. विश्व के सभी देशों से अपेक्षा की गई है कि वे-

(क) पर्यावरण की रक्षा करें।

(ख) अपने अपने उत्तरदायित्व को ईमानदारी से निभाऐं।

(ग) मिलजुल कर प्रयास करें।

(घ) पर्यावरण के प्रति अपने परिवार के दायित्व का निर्वहन परिवार का मुखिया करें।

प्रश्न 96. 'अरण्य-संरक्षण' का तात्पर्य है-

(क) वनों की रक्षा (ख) प्रकृति की रक्षा

(ग) पर्यावरण की रक्षा (घ) बाग बगीचों की रक्षा

प्रश्न 97. 'क्रूर' शब्द है-

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) क्रिया

प्रश्न 98. हम प्रकृति के हृदय को आघात पहुंचाते हैं यदि हम-

(क) पारिस्थितिकी से छेड़छाड़ करते हैं। (ख) पृथ्वी की खुदाई करते हैं।

(ग) संसाधनों का दोहन करते हैं। (घ) पृथ्वी से बुरा व्यवहार करते हैं।

प्रश्न 99. शिक्षा का सरोकार एक सार्थक एवं उत्पादक जीवन की तैयारी से होता है। इस परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन होना चाहिए-

(क) कुछ विशेष योग्यताओं को मापना। (ख) आलोचनात्मक प्रतिपुष्टि।

(ग) जहाँ तक संभव हो अधिक अंक प्रदान करना। (घ) अंकों के स्थान पर ग्रेडिंग को प्रयुक्त करना।

प्रश्न 100. निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कथन चुनिए-

(क) हमें एक ऐसी पाठ्यचर्या की आवश्यकता है जिसमें बालक के संपूर्ण विकास के साथ विद्यालय प्रबंधन में सहायता मिले।

(ख) हमें एक ऐसी पाठ्यचर्या की आवश्यकता है जिसमें सृजनात्मकता तथा प्रशासन के लिए विकल्प मौजूद हो।

(ग) हमें एक ऐसी पाठ्यचर्या की आवश्यकता है जिसमें सृजनात्मकता, नवप्रवर्तकता और बालक का संपूर्ण विकास हो।

(घ) हमें एक ऐसी पाठ्यचर्या की आवश्यकता है जिससे सामाजिक, राजनीतिक, नैतिक तथा वैश्विक जरूरतों को समाज द्वारा प्राप्त किया जा सके।

•••••